हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026

04 मातृशक्ति का आह्वान, पीले चावल देकर घर-घर दे...

07 विदिशा की विरासत समूह के हेरिटेज वॉक प्राचीन...




## खबर संक्षेप

### मधुकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन आज

**विदिशा।** मधुकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन आज रविवार को दोपहर 12 बजे अरिहंत बिहार स्थित जैन मंदिर के पास रखा गया है। इसमें अतिथि के रूप में संभवसागर महाराज तथा पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरियाजी बटुक मौजूद रहेंगे। हिंदू सम्मेलन हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने तथा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म सामाजिक समरसता और हिंदुओं को एकता के सूत्र में बांधने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज सम्मेलन आज

**विदिशा।** भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज विदिशा का वार्षिक सम्मेलन आज सिविल लाइन स्थित गायत्री मंदिर में आयोजित किया गया है। सम्मेलन की अध्यक्षता पंडित आज्ञाराम चौधरी करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रमेश शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक पंडित रमाकांत चतुर्वेदी रहेंगे। कार्यक्रम संचालन पंडित आलोक शर्मा, पंडित उदयकांत शर्मा एवं पंडित आरके खड्डर करेंगे।

### डीमार्ट को स्थापित होने से रोकने मंथन आज

**विदिशा।** शहर में डी मार्ट की स्थापना के विरोध में शहर के व्यापारियों द्वारा आज एक विचार विमर्श बैठक आयोजित की गई है। नरेंद्र धनवानी के अनुसार यह बैठक व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन, उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष राजेश जैन, आशीष मोदी, नीरज चौरसिया, नवल किशोर शास्त्री, विश्नाथ अग्रवाल, राजीव जैन गट्टू, मनीष अरोरा की मौजूदगी में सांची रोड स्थित शुभ मंगल वाटिका में होगी।

### निःशुल्क सेवा से छात्रों का सहारा बने श्रीवास्तव

**विदिशा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं राजपाल पुरस्कार से सम्मानित गणित शिक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड हेल्पलाइन पर वर्षों से निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर 18002330175 पर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राएं गणित विषय से संबंधित अपने डाउट कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से पूछते हैं, जिनका समाधान वे सरल भाषा में समझाकर करते हैं। उनकी इस सराहनीय सेवा के लिए शिक्षक धर्मेंद्र जैन, संजीव जैन, उमेश ताम्रकार, हरिहर चतुर्वेदी एवं प्राचार्य खजान सिंह ने बधाई दी हैं।

### व्यायामशाला में हिंदू सम्मेलन आज

**विदिशा।** सरस्वती बस्ती का विशाल हिन्दू सम्मेलन आज 18 जनवरी रविवार को व्यायाम शाला किले अंदर चौपड़ा में होगा। आयोजन समिति के भीकमसिंह कुशवाह एवं आशीष सुमन ने बताया की हिंदू सम्मेलन के लिए सुबह 10:30 बजे से बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएंगी, जो कार्तिक चौक,पेड़ी चौराह, चौपड़ा से होते हुए व्यायाम शाला पहुंचेगी। इसके लिए घर-घर जाकर समाज को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

### गांधी सुमिरन मंच का व्याख्यान आज

**विदिशा।** गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिमाह एक सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम की द्वितीय पुष्प प्रस्तुति आज रविवार सुबह 11:30 बजे मां हॉस्पिटल श्रीरामनगर में होगी। जिसमें मुख्य वक्ता मनजीत सिंह (ज्ञानी जी) होंगी। गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल, विदिशा इकाई के प्रणेता डॉ सुरेश गर्ग, वरिष्ठ साहित्यकर तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुलखान सिंह हाड़ा एवं सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष प्रो अरविंद द्विवेदी ने इस आध्यात्मिक यज्ञ में शामिल होने अपील की है।

---

### केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने कहा: देश के उन्नदाता को ऊर्जा उत्पादक बनाने की योजना

# देश में धन की कोई कमी नहीं है सिर्फ ईमानदार नेताओं की जरुरत: गडकरी

रोड शो से दो घंटे पहले ही बड़ा बाजार में नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया था, क्विंटलों से की फूलों की बारिश

**विदिशा में नितिन गडकरी ने मप्र में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय से सड़कों के लिए 1600 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। इसमें से विदिशा संसदीय क्षेत्र को 400 करोड़ देने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा को 50 करोड़ उपलब्ध कराए जाएंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कपास सस्ता-कपड़ा महंगा, गेंहू सस्ता-बिस्किट महंगा, संतरा सस्ता- जूस महंगा। किसानों के साथ यह अन्याय है। यह बात पुरानी गल्लामंडी में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कही

श्री गड़करी ने आगे कहा कि शिवराज सिंह चौहान जब केंद्र से कृषि उत्पादन के मामले में तीन बार सम्मानित हो रहे थे तब विदर्भ में 10 हजार किसान आत्महत्या कर चुके थे। किसानों की यह पीड़ा व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि किसानों का कचरा तक कीमती है मैं यह साबित कर रहा हूं। अब किसानों की हालत सुधारने के लिए उसे ऊर्जा उत्पादक बनाया जाएगा। इससे देश आत्मनिर्भर बनेगा और किसान सशक्त होगा। उन्होंने पराली और फसलों के कचरे से डामर बनाने की योजना के बारे में भी बताया। देश की 15 कंपनियों को पराली, भूसे सहित डंठल से डामर बनाने का पेंटेंट दिया है। उन्होने कहा कि देश में कोई मटेरियल बेस्ट नहीं और कोई व्यक्ति भी बेस्ट नहीं है। सिर्फ इनका सद्पयोग और दोहन करना आना चाहिए। हाईवे की परियोजनाओं की सौगात और अन्य परियोजनाओं की स्वीकृति देते हुए श्री गड़करी ने कहा कि में पैसे की कमी नहीं है सिर्फ ईमानदारी नेताओं की जरूरत है।



### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यक्रम में कहा-जो काम करता है वही राज करता है

सीएम मोहन यादव ने कहा कि जो काम करता है वही राज करता है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल गांधी पर तंज कसा। कहा कि भाजपा काम कर रही है इसलिए सरकार में है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत विदिशा के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए उज्जैन से तुलना करते हुए की। सीएम ने शिवराज सिंह चौहान की मांग पर रायसेन के मेडिकल कॉलेज का कार्य शीघ्र शुरु करने का आश्वासन भी दिया। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा, रायसेन और सिहोर जिले में बनाए जा रहे नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान गांवों और शहरों में बनाए जा रहे बायपास के साथ अंदर वाले रोड भी नेशनल हाईवे से व्हाइट टॉपिंग पद्धति से बनाए जाने की मांग रखी। क्योंकि बायपास बनने के बाद इन सड़कों की राज्य सरकार सुध नहीं ले पाती है। जिसमें करारिया, देवखजूरी, कागपुर, ताजखजूरी, गुरोद सहित अंबानगर एवं सिहोर की सड़कों की मांग रखी। कोटा को मेहलुआ होते हुए विदिशा से जोड़ने की मांग रखी। बुधनी भेरूंदा में हाईवे की मांग रखी। मंच पर स्वागत भाषण विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने दिया। मंच पर प्रदेश के लोनिवि मंत्री राकेश सिंह, प्रभारी मंत्री लखन पटेल, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर सांसद लता वानखेड़े, होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ प्रभूराम चौधरी, विधायक गणों में सूर्यप्रकाश मीणा, सुरेंद्र पटवा, हरिसिंह रघुवंशी, पं उमाकांत शर्मा, हरिसिंह सप्रे, प्रदीप लारिया नरयावली, सुदेश राय सिहोर, रामपाल सिंह राजपूत, कैलाश रघुवंशी, श्यामसुंदर शर्मा, राकेश शर्मा, तोरण सिंह दांगी आदि मंचासीन रहे।

### 1:38 बजे रथ पर सवार हुए गडकरी, उनके पीछे था 57 गाड़ियों का काफिला

**स्वागत के लिए बड़ा बाजार में 12 संगठनों के मंच लगाए**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को दोपहर 1 बजे कार्यक्रम स्थल पुरानी गल्लामंडी पहुंचना था, लेकिन वह 1:38 बजे रोड शो स्थल बड़ा बाजार पहुंच सके। उनके आने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हेलीपेड पर आ चुके थे। दोपहर 12 बजे से लोगों का जमावड़ा बड़ा बाजार में लगना शुरू हो गया था। गडकरी के आने से पहले करीब तीन बार प्रशासनिक वाहनों के काफिल ने रिहर्सल की। ताकि रोड शो के दौरान बाजार में कही जाम की स्थिति न बने। रोड शो के दौरान शहर के मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सभी गलियों को बैरीकेट्स लगाकर बंद कर दिया गया। पुलिस और यातायात के जवान तैनात कर दिए गए। 1 बजकर 39 मिनट पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे ही रथ पर सवार हुए तो गुलाब की पंखुडियों की बारिश शुरू हो गई। करीब 12 संगठनों ने बड़ा बाजार में मंच लगाकर उनका स्वागत किया। बड़ा बाजार में ही करीब 2 क्विंटल फूल गडकरी के काफिल से बरसा दिए गए। जैसे ही गडकरी का काफिला आगे बड़ा स्वागत की झड़ी लग गई। जिस रथ पर गडकरी सवार थे उसके पीछे करीब 57 गाड़ियों का काफिल चल रहा था। बड़ा बाजार में युवा ब्राह्मण परिषद, रामलीला मेला समिति, आर्य समाज, मुस्लिम त्योहार कमेटी सहित करीब एक दर्जन संगठनों ने स्वागत किया।

## सीएम को ज्ञापन देने निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

*शहर की समस्याओं एवं किसानों की बदहाल स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।*

*कांग्रेसी नेताओं ने ज्ञापन देने प्रशासन से पूर्व अनुमति मांगी गई थी। अनुमति न मिलने के बावजूद जब कांग्रेसजन लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने निकले तो पुलिस ने तिलक चौक पर उन्हें रोकते हुए गिरफ्तार कर लिया और करारिया ले जाकर थाने में बैठा दिया। कांग्रेस द्वारा दिए जाने वाले ज्ञापन में विदिशा शहर की*



*जर्जर सड़कों, बदहाल सफाई व्यवस्था, बेतवा नदी की बिगड़ती स्थिति, किसानों को खाद-बीज की भारी किल्लत, मकोड़िया बांध निर्माण की आवश्यकता तथा लगातार बिजली संकट जैसे गंभीर मुद्दे शामिल थे। कांग्रेस का आरोप है कि प्रशासन ने जनता की समस्याओं को दबाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। इस दौरान मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष सुमित वैद्य सहित मंगल सिंह व संदीप अमावते को गिरफ्तार किया गया। आनंदप्रताप सिंह ने कहा कि जनता की समस्याएं उठाने पर गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। चेतावनी दी गई कि यदि दमन की नीति जारी रही तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।*

## जिपं अध्यक्ष ने की विदिशा के लिए 'हाईवे गौ-शेल्टर' की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने विदिशा प्रवास पर आए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर जिले के विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण मांग पत्र सौंपे।

अध्यक्ष ने बताया कि एनएच 346 पर ग्राम हिनोतिया से गुलाबगंज तथा एनएच 146 पर मानोरा से गैरतगंज–सिलवानी होते हुए उदयपुरा और एनएच 45 को जोड़ने से यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। इस मार्ग के बनने से गुना, अशोकनगर और सिरोंज के यात्रियों को रायसेन–जबलपुर मार्ग के लिए लगभग 100 किलोमीटर कम दूरी तय करनी पड़ेगी। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक अभिनव सुझाव रखते हुए अध्यक्ष ने हाईवे गौ-शेल्टर कॉरिडोर की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में गोवंश के सड़कों पर बैठने से दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके समाधान के लिए एनएचएआई द्वारा हाईवे किनारे शासकीय भूमि पर चबूतरे व टीन शेड बनाए जाएं। अध्यक्ष ने विदिशा को देश का पहला पायलट प्रोजेक्ट बनाने का आग्रह किया। मंत्री गडकरी ने दोनों प्रस्तावों की सराहना करते हुए संबंधित अधिकारियों को विचार के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

### प्रतियोगिता में 97% छात्र रहे उपस्थिति

**विदिशा।** जिले में 16 एवं 17 जनवरी को जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पंजीकृत 4480 छात्रों में से लगभग 97 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही, जो छात्रों की शैक्षणिक रुचि को दर्शाती है। ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 4 विषय एवं माध्यमिक स्तर पर 6 विषय शामिल किए गए। प्रत्येक विषय का प्रश्न पत्र डेढ़ घंटे का रहा और परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता चार चरण शिक्षा केंद्र स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर में आयोजित की जाती है।

### बजट से पहले विदिशा के युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

## ज्ञापन देकर इंडस्ट्रियल हब और राज्य स्तरीय खेल अकादमी की मांग, मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र के आगामी बजट से पूर्व विदिशा के जागरूक युवाओं एवं बीपीएड संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले युवाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के राजस्व, परिवहन एवं खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। लोक निर्माण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने जिले में बढ़ती बेरोजगारी और खेल संसाधनों की



कमी पर चिंता जताई। ज्ञापन में विदिशा में औद्योगिक गलियारे इंडस्ट्रियल हब की स्थापना और एमएसएमई इकाइयों को विशेष सब्सिडी देने की मांग की गई। संगठन मंत्री पंकज भार्गव ने बताया कि स्थानीय उद्योगों के अभाव में हजारों युवाओं को रोजगार के लिए रोजाना भोपाल अप-डाउन करना पड़ता है। इसके साथ ही युवाओं ने राज्य स्तरीय खेल अकादमी एवं खेल परिसर में 50 बेड के छात्रावास निर्माण की मांग रखी। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए इन्हें मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखने का आश्वासन दिया।

### जंगली सूअर के शिकार के आरोप में युवक को जेल भेजा

**शमशाबाद।** शमशाबाद क्षेत्र में जंगली सूअर का शिकार करने के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को जेल भेज दिया। वन विकास परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एनके भारद्वाज ने बताया कि ग्राम सांगुल निवासी भारत सपेरा पिता फूल सिंह सपेरा ने वन कक्ष क्रमांक 247 में जंगली सूअर का शिकार कर उसका मांस अपने घर ले गया था। मुखबिर से सूचना मिलने पर वन विकास निगम एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने आरोपी के घर दबिश दी, जहां से जंगली सूअर का मांस जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश भी उपस्थित रहीं।

## बसों से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने 72 घंटे में 180 फुटेज खंगाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद में बसस्टैंड पर खड़ी बसों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है।

आरोपी अफताफ उर्फ फईम खां और इंदर सिंह उर्फ नोनीत ने पूछताछ में डीजल चोरी कर सस्ते दामों में बेचने की बात स्वीकार की है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में शमशाबाद पुलिस ने मात्र 72 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया डीजल और वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया। 14 जनवरी को शक्ति ट्रांसपोर्ट शमशाबाद के सुपरवाइजर राजेश सक्सेना ने थाना शमशाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13–14 जनवरी की रात बस्‌टैंड पर खड़ी शक्ति ट्रांसपोर्ट की पांच बसों के डीजल टैंक के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने 810 लीटर डीजल चोरी कर लिया। सीएसपी प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने 180 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### दूषित पानी से मौतों पर कांग्रेस का उपवास, भाजपा सरकार पर तीखा हमला

# जहरीला पानी पीकर मौतें देखना दुर्भाग्य: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में शनिवार को कांग्रेसियों ने उपवास रखकर प्रदर्शन किया।

दूषित पानी के कारण जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि दी तथा दोषियों को सजा देने की मांग उठाई गई। उपवास कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे रामधुन – रघुपति राघव राजा राम के साथ हुई। इस अवसर पर प्रभारी पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, पूर्व विधायक निशंक जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, आनंद प्रताप सिंह, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, सुभाष बोहत, प्रियंका



**विदिशा।** धरने के कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया।

किरार, राजेश दुबे बर्रो, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, रामराज सिंह दांगी, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष पर्वत सिंह, कृष्ण पाल सिंह यादव सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अब तक जहरीली शराब से मौतों की खबरें आती थीं, लेकिन भाजपा राज में लोग जहरीला पानी पीकर मर रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है और इतनी बड़ी त्रासदी के बाद भी जिम्मेदारी लेने से बच रही है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन भाजपा सरकार इसे भी उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार सच और पत्रकारों के सवालों से घबराकर बदजुबानी पर उतर आई है। साथ ही आरोप लगाया कि 23 मौतों के जिम्मेदार लोग अहंकार में डूबे हुए हैं। मोहित रघुवंशी ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर और समाप्त करने की साजिश कर रही है, जिससे ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था पर गहरा संकट आएगा। कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन के तहत व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने राहुल गांधी की प्रस्तावित जनसभा को अनुमति न देने को लोकतंत्र पर हमला बताया। उपवास कार्यक्रम में सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3560
उच्चतम भाव-6210
सरसों
न्यूनतम भाव-5750
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव- 4500
उच्चतम भाव- 5500
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6160
ज्वार
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
मक्का
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव- 1655
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3598
धान
न्यूनतम भाव-1505
उच्चतम भाव-3930
धनिया
न्यूनतम भाव-8400
उच्चतम भाव-8400
बटरी
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-3800
गेंहू
न्यूनतम भाव-2396
उच्चतम भाव-3520

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 3556 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नगर में हो रही अघोषित विद्युत कटौती

**गंजबासौदा**। इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के कभी भी बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नागरिकों को एवं किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब विद्युत कंपनी मनमाना बिजली बिल वसूल रही है तो बिजली भी पूरे समय और पर्याप्त वोल्टेज के साथ दी जाना चाहिए। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं ने कंपनी से अघौषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

# पठानकोट एक्सप्रेस के इंजन से टकराया राष्ट्रीय पक्षी मोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अमृतसर से चलकर लोकमान्य तिलक टर्मिनल की ओर जाने वाली पठानकोट एक्सप्रेस के इंजन से शनिवार को सुबह के समय राष्ट्रीय पक्षी मोर टकरा गया। इस घटना के बाद ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर चार पर लिया गया और तत्काल आरपीएफ चौकी प्रभारी राहुल यादव एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने राष्ट्रीय पक्षी मोर को ट्रेन के इंजन से निकाला और ससम्मान उसे स्ट्रेचर पर कफन से ढककर रख लिया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि अमृतसर एक्सप्रेस के इंजन में एक मोर टकरा गया है जिससे उसकी मौत हो गई है। जिसके बाद मोर के शव को इंजन से निकाला गया और उसे वन विभाग के सुपुर्द किया गया। उधर इस घटना के कारण अमृतसर एक्सप्रेस को काफी देर तक रेलवे स्टेशन पर रोके रखा गया।





## आयोजकों ने हिंदू सम्मेलन में शामिल होने आमंत्रित किया

# मातृशक्ति का आह्वान, पीले चावल देकर घर-घर दे रही हैं आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय तारण तरण पाठशाला में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन, संत समागम को लेकर शहर में व्यापक जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर की 11 बस्तियों में पुरुष कार्यकर्ताओं के अलावा मातृशक्ति भी महिलाओं को आमंत्रित कर रही हैं। सम्मेलन में मातृशक्ति की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति और आयोजन को सफल करने के लिए मातृशक्ति ने मोर्चा संभालते हुए बस्तियों में घर-घर संपर्क कर पीले चावल देकर महिलाओं को कलश यात्रा में आमंत्रित करते हुए भंडारे में प्रसादी के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मातृशक्ति की समर्पणता से सम्मेलन में महिला शक्ति का उत्साह देखते बन रहा है। महिलाएं भी अपनी ओर से सम्मेलन के निमित स्वप्रेरणा से यथाशक्ति धन राशि भेंट कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सकल हिंदू समाज द्वारा 20 जनवरी को नगर के तारण तरण पाठशाला में आयोजित हो रहे ऐतिहासिक विराट हिंदू सम्मेलन को सनातन धर्म की प्रमुख पीठ रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु एवं काशी पीठाधीश्वर डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती द्वारा धर्म सभा के रूप में संबोधित किया जाएगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए गत दिवस भूमिपूजन के अवसर पर उपस्थित संत समाज, धर्माचार्यों ने सम्मेलन में 50 हजार हिंदुओं से उपस्थिति देने का आवाहन किया है। भूमि पूजन के पश्चात नगर की 11 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन की व्यापक तैयारी दिखाई देने लगी हैं। नगर में व्यापक जनसंपर्क के अलावा चौराहों पर होर्डिंग लगाकर हिंदू समाज को सम्मेलन में आमंत्रण के साथ-साथ भंडारा प्रसादी में भी शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन में विशेष बात यह है कि महिला शक्ति द्वारा इसकी अगुवाई करते हुए सनातन धर्म और हिंदू एकता का संदेश घर-घर पहुंचाया जा रहा। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, रीतादेव भावसार सहित मातृशक्ति कलश यात्रा के लिए शोभा यात्रा और भंडारे की प्रसादी के लिए बस्तियों में घर-घर जाकर आमंत्रण देते हुए हिन्दू परिवारों से अपील कर रहीं हैं कि वे सामूहिक रूप से सम्मेलन में भाग लेकर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करें। मातृशक्ति की सहभागिता से जनसंपर्क अभियान को नई ऊर्जा मिली है। महिलाओं के नेतृत्व में घर-घर पहुंच रहा आमंत्रण समाज को जोड़ने में प्रभावी साबित हो रहा है। आयोजन समिति द्वारा नगर की 11 बस्तियों में भारत माता के चित्र के साथ पीले चावल देकर आमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को बस्तियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। एक रुपये से लेकर इच्छानुसार सहयोग सम्मेलन की तैयारियों के अंतर्गत धन संग्रह अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें हिंदू परिवारों से एक रुपये से लेकर उनकी इच्छानुसार सहयोग लिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह सहयोग आयोजन को सामूहिक स्वरूप देने और प्रत्येक परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।


गंजबासौदा। वार्डों में पीले चावल देती नपाध्यक्ष और मातृशक्ति


गंजबासौदा। घर घर जाकर आमजन को आमंत्रित करती महिला शक्ति

# शिव महापुराण कथा तैयारियों को लेकर नौलखी में बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से सटे हुए ग्राम हतोड़ा में स्थित सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे 12 ज्योतिर्लिंग शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा और 51 कुंडीय रुद्र महायज्ञ के पावन मौके पर अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वालों के द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा की तैयारियों को लेकर रविवार को दोपहर 2 बजे स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सनातन, शिव प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों की विशेष बैठक आयोजित की गई है। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए श्री बालाजी हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित राजा महाराज ने बताया कि सनातन धर्म के अनुयायियों एवं समस्त शिव भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और आनंददायक अवसर नगर को प्राप्त हो रहा है। ग्राम हतोड़ा में श्री बालाजी हनुमान मंदिर प्रांगण में 12 ज्योतिर्लिंगों की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 51 कुंडीय हरिहर रुद्र महायज्ञ के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध अंतरर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन प्रस्तावित है। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से नौलखी मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक 18 जनवरी रविवार दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें धर्मप्रेमी नागरिक एवं शिव भक्त सहभागिता के लिए आमंत्रित हैं। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, जनसंपर्क, सेवा कार्यों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। शिव महापुराण कथा का आयोजन 8 मई से 14 मई तक किया जाएगा। इससे पूर्व 7 मई को भव्य कलश यात्रा नगर से लेकर हतोड़ा तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं शिव भक्तों की सहभागिता रहेगी। वहीं 15 मई को कथा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने नगर के सभी धर्म प्रेमियों, सनातन प्रेमियों और शिव भक्तों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव रखते हुए धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स का विकासखंड स्तरीय चयन ट्रायल संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स का बासौदा में विकास खंड स्तरीय चयन ट्रायल जो कि 12 से 16 जनवरी तक भिन्न स्थानों पर लिया गया था। जिसमें कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रस्साकसी, एथलेटिक्स का ट्रायल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के इंडोर गेम्स हाल में, पिट्टू का ट्रायल राइजिंग एवं टीटी जैन पाठशाला के संयुक्त सहयोग पाठशाला ग्राउंड में कराया गया एवं क्रिकेट का ट्रायल रतनबाई जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल में एवं खो- खो और शतरंज का ट्रायल सरस्वती शिशु मंदिर लाल पठार में लिया गया। खेल विभाग समन्वयक के मार्गदर्शन में यह ट्रायल खेल शिक्षकों के पूर्ण सहयोग से कराया गया। जिसमें स्वतंत्र जैन, विजय शर्मा, अनय शर्मा, मलखान सिंह बघेल, राहुल विश्वकर्मा, अनिकेत रघुवंशी, स्वयं शर्मा, सत्यम शर्मा, चेतन माथुर ने खिलाड़ियों को सम्मिलित कराया एवं चयन स्पर्धा कराई। विकासखंड पर चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स की प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

# उपजेल में कैदियों का नेत्र परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरींघाट रोड स्थित उप जेल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा समिति के सचिव एवं न्यायाधीश वरिष्ठ खंड नितेंद्र सिंह तोमर मुख्य रुप से उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टर दिनेश दुबे द्वारा 70 से अधिक कैदियों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें दवाई दी गईं। 15 से अधिक मरीजों क़े चश्मे क़े नंबर निकालकर दिए गए। 2 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया एवं एक मरीज को नाखुना चिन्हित किया गया। इस अवसर पर जेलर आलोक कुमार भार्गव एवं डॉ. पीके जगा ने उक्त आयोजन को सराहनीय बतलाते हुए नेत्र परीक्षण शिविर जिले की प्रत्येक जेल में लगाने का सुझाव दिया एवं बताया कि मोतियाबिन्द क़े मरीजों को जिला अस्पताल में ऑपरेशन क़े लिए भेजा जावेगा।

इस अवसर पर संस्थान के सुनील बाबू पिंगले द्वारा जेलर आलोक कुमार भार्गव एवं डॉ. पी के जगा, शिवकरण साकेत का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सुनील बाबू पिंगले ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जेलर आलोक भार्गव, डॉ. पीके जगा, शिवकरण साकेत ने कैदियों को चश्मे का वितरण किया। इस अवसर पर मोंटी जाट सहित उपजेल के समस्त स्टाफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।


गंजबासौदा। उपजेल में कैदियों के लिए लगाया गया नेत्र परीक्षण शिविर

# पबई में हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवा ध्वजों, जयघोष और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण के बीच पवई में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म, हिंदू एकता और राष्ट्र चेतना को सशक्त करने का संकल्प संतों के सानिध्य में लिया गया। सम्मेलन में 1008 संत बालक दास महाराज की पावन उपस्थिति एवं आशीर्वचन से आयोजन को और भी गरिमा प्रदान हुई। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता खंड कार्यवाह योगेश त्रिपाठी ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि "व्यक्ति-व्यक्ति में राष्ट्रभक्ति की भावना का जागरण ही संघ का मूल उद्देश्य है।
जब हर हिंदू अपने कर्तव्यों को समझेगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा।" उन्होंने समाज को संगठित होकर धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खंड गौ सेवा संयोजक भगत सिंह रघुवंशी, खंड बौद्धिक प्रमुख हरेंद्र यादव, खंड व्यवस्था प्रमुख लोकेंद्र सिंह यादव, खंड ग्राम विकास संयोजक कमल सिंह रघुवंशी एवं खंड कुटुंब प्रबोधन प्रमुख भवानी सिंह रघुवंशी ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने गौ सेवा, कुटुंब संस्कार, ग्राम स्वावलंबन और सामाजिक समरसता को हिंदू समाज की आधारशिला बताया। पबई मंडल से सरदार सिंह रघुवंशी, राजपाल सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं नगरवासी सम्मेलन में उपस्थित रहे। सम्मेलन के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने सनातन मूल्यों की रक्षा, राष्ट्रभक्ति के विस्तार और हिंदू समाज को संगठित रखने का संकल्प लिया।




# शिव महापुराण में सुनाए प्रसंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं, इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है। जो भक्ति को धारण करता है, वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को यदि श्रद्धा से प्रतिदिन एक लोटा शुद्ध जल अर्पित किया जाए, तो जीवन के समस्त रोग, शोक और दरिद्रता दूर हो सकते हैं। कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर होकर शिवभक्ति में लीन दिखाई दिए। शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आयोजित हो रही है। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में जमुना भावसार, गंगा, विनोद, नीलम, मुकेश, रिचा, मनीष, कांता, देवेंद्र, पदमा, विजय, मंजू, जगदीश, सपना, कमलेश, मोना, राजेश, निशा, हरीश, सिमरन, चंचल, यशी, भूमि, कनिष्का ,जयस, कुणाल सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे। पूजन कार्य पं. भूपेंद्र पांडेय, अशोक, विपिन, शिवकांत ने विधिवत संपन्न कराया।

## निसईजी मल्हारगढ़ में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित

# जिनवाणी शोभायात्रा के साथ मेला महोत्सव संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुदेव की साधना स्थली से समाधि स्थली तक गुरु ज्ञान सुधा रस वर्षा तीर्थ क्षेत्र निसईजी में पुण्य प्रतापी पुण्य अर्जक कंचन शिखर परिवार ललितपुर वालों द्वारा आयोजित बेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव के द्वितीय दिवस श्री जिनवाणी शोभा यात्रा पूर्ण दिव्यता एवं भव्यता के साथ आयोजित हुई।

कार्यक्रम सकल समाज के सहयोग एवं सहभागिता से पूर्ण भक्ति भाव एवं अलौकिक आनंद से परिपूर्ण रहा। सकल तारण समाज कंचन शिखर परिवार ललितपुर वालों द्वारा आयोजित इस महा महोत्सव की हृदय की अंतरतम गहराइयों से आप सभी के भाव की निर्मलता की सराहना करते हुए आपकी मान रहित दान की अनुमोदना की। उक्त जानकारी चन्द्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य अध्यक्ष श्री तारण तरण दिगंबर स्टेशन चैत्यालय द्वारा दी गई। उक्त कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के अंचलों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगणों ने अपने परिजनों के साथ समाधि स्थल पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता कर धर्मलाभ लिया। इस आयोजन में अन्य कार्यक्रम भी हुए।

# सड़क ठेकेदार द्वारा साइडों पर नहीं दिया जा रहा ध्यान



**गंज बासौदा**। निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग की अनदेखी के चलते बासौदा गुलाबगंज मार्ग की हालत दयनीय हो गई है। इस सीसी सड़क में जगह जगह गड्ढे उभर आए हैं। वहीं सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा सड़क की साइडों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खासकर छोटी बड़ी पुलियों के पास जिससे अनेक वाहन दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं। सीसी सड़क के बीचों बीच काफी गैप हो गया है जिसमें दो पहिया वाहनों के पहिए फंस रहे हैं और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस मार्ग पर सीसी रोड के गैप में फंसकर कई जानलेवा दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके बाद प्रशासन ने ठेकेदार से गैप भरवाया था, लेकिन वह काम खानापूर्ति साबित हुआ और अब सीसी रोड में फिर से काफी चौडा गैप आ गया है। जागरूक नागरिकों, वाहन चालकों ने संबंधित ठेकेदार से साइडों एवं सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## श्रमदान दल का स्वच्छता अभियान आज

**गंजबासौदा**। बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवम जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल गंज बासौदा द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 15 वां चरण रविवार 18 जनवरी को रिपटा घाट पर सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। श्रमदान दल के सदस्यों ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जुड़े,नदी जल स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण अभियान में साझीदार बने और नदियों जलाशयों की स्वच्छता के लोगों को जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य देवें।



लाडली लक्ष्मी से पोषण वाटिका तक कलेक्टर ने परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत, दिए विशेष अभियान के निर्देश

# कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे एनआरसी में रहे शत-प्रतिशत उपस्थिति: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जीआर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में एक भी बच्चा, गर्भवती महिला या धात्री माता पंजीयन से वंचित नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाकर सर्वे करने और छूटे हुए हितग्राहियों को तत्काल पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए।

## कुपोषण पर प्रहार- सभी एन आर सी भरे रहें

कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि केंद्रों का खाली सही कार्यप्रणाली नहीं दर्शाता। उन्होंने मैदानी अमले को निर्देश दिए कि गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें अनिवार्य रूप से एनआरसी में भर्ती कराएं। एनआरसी के सभी बेड भरे होने चाहिए ताकि बच्चों को उचित चिकित्सकीय देखरेख मिल सके। इसके लिए उन्होंने सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं घर-घर जाकर



## मुनगा के पेड़ और 'रंगीन रोटी' से सुधरेगा स्वास्थ्य

बच्चों के खान-पान में पोषण का स्तर सुधारने के लिए कलेक्टर ने जिले की हर आंगनवाड़ी की पोषण वाटिका में मुनगा (सहजन) के पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। मुनगा के पत्तों और फलियों में प्रचुर मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं, जो कुपोषण मिटाने में सहायक हैं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पोषण के प्रति आकर्षित करने और उन्हें विटामिन्स देने के लिए 'रंगीन रोटी' (चुकंदर, पालक और गाजर मिश्रित आटा) खिलाने के निर्देश दिए। यह न केवल देखने में आकर्षक होगी बल्कि बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी को भी दूर करेगी। कलेक्टर ने विभाग अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा भी की। लाडली लक्ष्मी और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में और सुधार लाने को कहा।साथ ही लंबित प्रकरणों का निराकरण कर पात्र महिलाओं के खातों में राशि समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयों में न बैठें, बल्कि फील्ड में उतरकर काम करें। उन्होंने एक विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित करने और उनके टीकाकरण व पोषण की ट्रैकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कागजी लक्ष्य पूरा करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कुपोषण को जड़ से खत्म करना है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक केवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत राजपूत सहित सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स व्यापार संघ की कार्यकारिणी गठित, पदाधिकारियों ने ली शपथ





सिरोंज। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स व्यापार संघ के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के पश्चात संघ की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया।

इस अवसर पर एक गरिमामय समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर संघ द्वारा 13 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही संघ के दो वरिष्ठ सदस्य भूपेंद्र लालवानी एवं अब्दुल कवि खान को महासंघ प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में जितेंद्र जैन को अध्यक्ष, महेश नेमा को मंत्री, मजहर खान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तो वही उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अजय दुवे एवं महेंद्र जैन को सौंपी गई है। सहसचिव के रूप में विक्की जैन तथा प्रचार मंत्री के पद पर देवेंद्र सेन को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सतीश सोनी,राजधर कुशवाह,रोहित तारण,तरुण लालवानी,पवन नेमा एवं अखिल सिंघई को शामिल किया गया।

## प्रांतीय कुशवाहा समाज की कार्यकारिणी गठन की बैठक आज

सिरोंज। प्रांतीय कुशवाहा समाज की कार्यकारिणी गठन हेतु आज दोपहर एक बजें से हरिसिंह हाईस्कूल सिरोंज रोड मेहलुआ चौराहा तहसील कुरवाई में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में प्रांतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित रहेगें। साथ ही बैठक में जिले की समस्त तहसीलो से बडी संख्या में समाजजन जिला कार्यकारिणी गठन बैठक में अपनी सहभागिता निभाएगें।

## नपा बैठक हॉल में लाडली बहना योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्म-निर्भरता और सम्मान सुनिश्चित**



सिरोंज। नगर पालिका परिषद बैठक हॉल में लाडली बहना योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहनाओं के आत्मसम्मान को बढावा देने हेतु 1.25 करोड से अधिक लडली बहनो को 1836 करोड से अधिक राशि का अंतरण किया गया है। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू व समस्त वार्ड पार्षद सहित नगर पालिका कर्मचारी सुश्री ज्योति दुबे,महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमति अनिमा कुजूर,श्रीमति निर्मला एक्का,श्रीमति इमा बेला,श्रीमति नसरीन सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित रही। कार्यक्रम का मुख्य उध्देश्य लाडली बहना योजना से प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा,आत्म-निर्भरता और सम्मान सुनिश्चित किया गया। आगामी समय में योजना की हितग्राही महिलाओं को रोजगार/स्वरोजगार एंव कौशल उन्न्यन कार्यक्रमों में जोडने के लिए विशेष प्रयास किए जाएगें। इस मौके पर कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित रहकर पूर्ण उत्साह से भाग लिया। वही कार्यक्रम समापन अवसर पर तिल के लडडू का वितरण किया गया। इसके उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सदस्यो को आभार व्यक्त किया।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री को भेजा ज्ञापन



सिरोंज। विधानसभा क्षेत्र की गंभीर एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाषिनी योगेश गोदरे के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत किया जाना था। किंतु समय मांगने के बावजूद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को भेंट हेतु समय नहीं दिया गया। इस स्थिति को देखते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ई-मेल संदेश के माध्यम से प्रेषित कर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। एडवोकेट सुभाषिनी बोहत गोदरे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की स्थिति दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। पूर्व में अनेक बार धरना-प्रदर्शन, आंदोलन एवं ज्ञापन दिए जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आम जनता में भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अराजकता का माहौल बना हुआ है तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुँच चुका है। किसान, मजदूर, छात्र एवं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों का लगातार शोषण हो रहा है। शासकीय योजनाओं में व्यापक अनियमितताओं के कारण पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह अवरुद्ध है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन बाधित हो रहा है। कई शासकीय विभागों की कार्यप्रणाली ठप पड़ी है तथा कर्मचारियों एवं अधिकारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और लंबित सड़क निर्माण एवं विकास कार्य तत्काल प्रारंभ कराए जाएं। शासकीय विभागों को सुचारु कर कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# सार्वजनिक स्थलों व दीवालों को गंदा करने वाले लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राज कुमार खत्री ने शहर में संचालित सफाई व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त खत्री ने संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, पाथवे, हरियाली एवं अन्य विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने शहर की समग्र सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी जोन प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, चौराहों, पार्कों एवं अन्य स्थानों को गंदा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों कीसहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा शासकीय एवं अशासकीय दीवारों पर रंग-रोगन एवं आकर्षक चित्रकारी कर शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई भी व्यक्ति दीवारों पर अवैध विज्ञापन, पोस्टर या बैनर लगाकर सौंदर्यीकरण को नुकसान पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें सभी नागरिकों को जिम्मेदारी निभानी होगी। नगर निगम का उद्देश्य सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना है। इसके लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, वहीं स्वच्छता में सहयोग करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

## अवैध मदिरापान करने पर आबकारी विभाग की सख्ती

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त, सागर के आदेशानुसार शहर क्षेत्र में मदिरा दुकानों के बाहर अवैध रूप से एकत्र होने, मदिरापान अथवा मदिरा पिलाने तथा उससे उत्पन्न यातायात अवरोध संबंधी प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए 16 जनवरी 2026 को संयुक्त दल द्वारा सघन रात्रि गश्त एवं दबिश की कार्रवाई की गई। अमले की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

शिवजी बस्ती में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का किया गया भव्यता से आयोजन

# जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई के



सिरोंज। नगर के सास्थी सिटी 1 शिवजी बस्ती में भव्य ह्रहिंदू सम्मेलनह्न का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कलश यात्रा के पश्चात भारत माता की आरती की गई और बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संत सत्यनारायण गिरी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार का ओजस्वी उद्बोधन हुआ। वही वक्ताओं ने अपने संबोधन में कई प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भूमि अत्यंत पवित्र और पुण्य भूमि है। भारत की विशिष्टता बताते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ 6 ऋतुएं और 9 ग्रहों का विज्ञान हमारे ऋषियों ने सदियों पहले दिया था। दुनिया के अन्य सभी मत और पंथ ह्नसनातन धर्मह्न से ही निकले हैं।

## इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर कांग्रेस ने किया धरना व उपवास का आयोजन

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में उपवास - धरना का आयोजन किया गया। अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की मध्य प्रदेश सरकार मोतों की सौदागर है। पहले घटिया कफ सिरप से मासूम बच्चों की जान ली और जब उसका मन नहीं भरा तो इंदौर के भागीरथपुरा में लोगों की बार-बार शिकायत के बाद भी गंदा दूषित मल मूत्र युक्त पानी लोगों में सप्लाई करती रहे जिसके चलते दो दर्जन से अधिक जहां मोतें हुई वहीं बड़ी संख्या में लोग वेंटिलेटर पर अपना इलाज कर रहे हैं। और सैकड़ो लोग इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। भाजपा की इंसानियत मर चुकी है। महेश जाटव ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद वहां का प्रभार देखते हैं और नगरीय प्रशासन मंत्री का वह क्षेत्र हैं जब वहां जनता सुरक्षित नहीं तो पूरे मध्य प्रदेश में क्या हाल होगा। यह एक सोची समझी हत्या है जिसकी जानकारी वहां के शासन और प्रशासन को पहले से थी लेकिन उन्होंने पहल नहीं कि । लोग शिकायत लेकर आफिस आफिस चिल्लाते रहे और कुंभकरण की नींद में शासन प्रसासन अपने काम को अंजाम देता रहे। अगर वह चेत जाते तो इन मासूमो को अपनी जान ना गवानी पड़ती। जाटव ने कहा कि इंदौर में भाजपा का जो राक्षसी चेहरा लोगों ने देखा है उससे जनता भयभीत हैं अब आलम ये है कि लोग अब इंदौर जाने में डर रहे हैं जिनके परिजन रहते हैं वो बार बार फोन लगाकर हालचाल पूछ रहे हैं । मनरेगा को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर जनता के बीच झूठी वाह- वाही लूटने कि भाजपा कोशिश कर रही है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम तक से चिड़ रहे हैं भाजपाई उनका वजूद मिटाने में लगे हैं। पूरा देश भाजपा को सबूत देने में लगा है कि वह भारतीय है भाजपा सरकार लोगों को समग्र आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड सम्मान निधि, गैस कनेक्शन में बस या नोटबंदी और वर्तमान में एस आई आर में पूरे देश को लाइन में लगा रखा है। पहले डाकू काले लिबास में मुंह पर कपड़ा बांधकर लोगों की खिड़कियों में घुसकर लोगों को लूट करते थे अब भाजपा के राज में खाकी लिबास में लोगों को लूटने का काम उनके दरवाजे पर पहुंचकर चल रहा है। उपवास धरना कार्यक्रम को पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ,चेतन कृष्ण पांडे, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राहुल चौबे, अंकलेश्वर दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे आदि मौजूद थे।

# विदिशा की विरासत समूह के हेरिटेज वॉक प्राचीन धरोहरों से हुआ साक्षात्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा की विरासत समूह द्वारा आयोजित हेरिटेज वॉक कार्यक्रम के अंतर्गत दशार्ण देश की प्राचीन राजधानी एरण में ऐतिहासिक भ्रमण संपन्न हुआ।

प्रमुख रूप से गोविंद देवलिया, राजेंद्र कटारे, प्रेम प्रकाश चौबे एवं शिवकुमार तिवारी उपस्थित रहे। हेरिटेज वॉक का मार्गदर्शन प्रख्यात इतिहासवेत्ता एवं पुरातत्व विशेषज्ञ डॉ. मोहनलाल चढार ने किया। उन्होंने एरण की प्राचीन धरोहरों, प्रतिमाओं एवं अवशेषों का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व विस्तार से बताया। डॉ. चढार ने गरुड़ स्तंभ को वैष्णव परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक बताते हुए विशाल विष्णु प्रतिमा की शिल्पकला और धार्मिक संकेतों की व्याख्या की। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को विशाल वराह प्रतिमा के दर्शन कराए गए, जो भगवान विष्णु के वराह अवतार और पृथ्वी उद्धार की कथा को दर्शाती है। साथ ही सती स्तंभ एवं अन्य अवशेषों के माध्यम से तत्कालीन समाज की परंपराओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण श्रीकृष्ण की लीलाओं का रोचक वर्णन रहा। अंत में सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और ऐतिहासिक भ्रमण आयोजित करने की आवश्यकता जताई।

# निजी स्कूल संचालकों को सख्त निर्देश: निर्धारित दुकान से कॉपी-किताबें खरीदने के लिए नहीं कर सकेंगे मजबूर

रहली। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार, विकासखंड रहली में निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली और नियमों के पालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ब्लॉक के समस्त अशासकीय विद्यालयों के संचालक और प्राचार्य सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान एसडीएम पाराशर ने सभी संस्थाओं को 'मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम' और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिक्षण संस्थान शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के भीतर रहकर ही विद्यालय का संचालन करें। नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए कि: किसी भी छात्र या अभिभावक को किसी विशिष्ट दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। विद्यालयों को अपनी जानकारी निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल और नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी होगी। छात्रों से ली जाने वाली फीस का पारदर्शी लेखा-जोखा रखना होगा और निर्धारित प्रारूप में अभिलेखों का संधारण करना अनिवार्य है। बैठक में उपस्थित विद्यालय संचालकों और प्राचार्यों ने भी अपनी बातें और समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। एसडीएम ने मौके पर ही उनकी शंकाओं का समाधान किया और विभिन्न समस्याओं के उचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसमें विकासखंड स्त्रोत समन्वयक आरडी अहिरवार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यंग लीडर डायलॉग में युवाओं की ऐतिहासिक उपलब्धि ने बुंदेलखंड का मान बढ़ाया: महापौर

सागर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव विकसित भारत 2047-यंग लीडर डायलॉग में सागर जिले के युवाओं ने समूह लोक गायन विधा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। सागर के कलाकारों ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के 29 वर्षों के इतिहास में पहली बार प्रदेश को देशभर में प्रथम स्थान दिलाकर न केवल मध्यप्रदेश बल्कि बुंदेलखंड का भी गौरव बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में विजेता कलाकारों ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी से सौजन्य भेंट की। महापौर एवं महापौर प्रतिनिधि ने कलाकारों की मेहनत, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस दल के निर्देशक कृष्ण विजय कलायतन संगीत संस्था, सागर के यश गोपाल श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में कलाकारों ने यह मुकाम हासिल किया। प्रस्तुति का नेतृत्व संजय कोरी ने किया। दल में रहली की साक्षी पटैरिया, सागर के ओम भट्ट, दमोह में जन्मे पंकज खरारे व हिमांश खरारे, विधान चौबे, बीना के यश पाठक व शिवांगी पाठक, राहतगढ़ के गोलू कुशवाहा, सेमरा के आदित्य दांगी तथा बांदरी के केशराज बादल सहित अन्य प्रतिभाशाली कलाकार शामिल रहे। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड के इन कलाकारों ने अपनी लोकसंस्कृति और कला के माध्यम से देशभर में मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान बनाई है। यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि हमारे युवा प्रतिभाशाली हैं और उन्हें सही मंच व मार्गदर्शन मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकते हैं।

आज पांचवें दिन श्रीराम जन्म एवं बाल लीलाओं का मंचन किया जाएगा

# इंद्र मेघनाद युद्ध की लीला का मंचन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रामलीला मंचन में शनिवार को रावण देवताओं पर विजय प्राप्त करने मेघनाद को बुलाता है। अपनी सेना लेकर वह देवताओं पर आक्रमण करता है, इधर देवगण भी युद्ध की तैयारी कर लेते हैं।

दोनों और घमासान युद्ध होता है। युद्ध में मेघनाद देवताओं को नोर्गपाश में बांध लेता है। तब सभी देवगण अपने को असहाय पाकर ब्रम्हलोक को रवाना हो जाते हैं। पृथ्वी भी राक्षसों के अत्याचार से व्याकुल होकर गाय का रूप धारण कर ब्रम्हा जी से प्रार्थना करने जाती है। फिर ब्रम्हा, शिव, सूर्य, चन्द्र, इन्द्र, भूमि, आदि देव सब मिलकर विष्णु भगवान से प्रार्थना करते हैं7 तब भगवान विष्णु प्रसन्न होकर राक्षसों का संहार करने हेतु अवतार लेने का आश्वासन देते हैं। रामलीला में आज पांचवे दिन श्रीराम जन्म एवं बाल लीलाओं का मनोहारी मंचन किया जाएगा।

लीला शाम 4 बजे आरंभ होगी जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म एवं उनकी बाललीलाओं का दर्शन होगा। श्रीराम जन्म के अवसर पर समूचा लीला प्रांगण भये प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशिल्या हितकारी के जयघोष से गूंज उठेगा। अयोध्या में चारों ओर खुशियां मनाई जाएंगी। महाराज दशरथ ब्राम्हणों, गरीबों एवं भिक्षुओं को मुंह मांगी भेंट देंगे। श्रीराम जन्म के अवसर पर राज दशरथ मांता कौशिल्या चारों राजकुमारों के साथ विमान से परिक्रमा करेंगे। श्रद्धालुजनों को भगवान के बालरूप का दर्शन होगा।



**जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**

मैं गनेश राम साहू पुत्र स्व.श्री मुंशी लाल साहू आयु 43 वर्ष जाति साहू निवासी काछी मोहल्ला विदिशा म.प्र.। मेरे पुत्र कनिष्क साहू (KANISHK SAHU) के जन्म प्रमाण पत्र में जन्म दिनांक 08.01.2012 दर्ज है जो की सत्य व सही है । मेरे पुत्र कनिष्क साहू (KANISHK SAHU) ट्रिनिटी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल विदिशा में उसकी जन्म दिनांक 08.12.2012 त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरे पुत्र कनिष्क साहू (KANISHK SAHU) की मार्कशीट में उसकी सही जन्म दिनांक 08.01.2012 दर्ज करने हेतु मेरा यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

**वेयर हाउस रसीद गुमने की सूचना**

मै नीरज बघेल आयु 31 वर्ष पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह बघेल, निवासी ग्राम बेरखेडी कस्वा तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र. । मेरे स्वामित्व की कृषि उपज मेरे द्वारा दिनांक 08/05/2025 को न्यू किसान वेयर हाउस के रसीद क्रमांक 550 के माध्यम से 425 बोरी कुल बजन 233.75 क्विटल गेहू मेरे द्वारा संग्रहण हेतु रखा गया था जिसकी वेयर हाउस के द्वारा मुझे मूल जमा रसीद प्रदान की गयी थी। वेयर हाउस द्वारा प्रदान की गयी रसीद सहवन से कही भुलवश गुम हो गयी है जिसकी एक प्रति सहवन मेरे मोबाइल मे होने से छायाचित्र मेरे पास है जिसके माध्यम से मेरे द्वारा वेयर हाउस को जमा माल को वापिस प्राप्त कर रहा हूँ मूल रसीद का मैने कोई दुरउपयोग नहीं किया है

## बच्चों की शिक्षा हो रही प्रभावित, जिम्मेदार विभाग के अधिकारी बने खामोश

# खिलौने और शिक्षण सामग्री का संकट, बेरौनक हो रहे जिले के मुख्य और मिनी आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की मुख्य और मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के खिलौने रखे जाते थे। बच्चों को खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा देने के उद्देश्य से 2 के चार्ट भेजे जाते थे। लेकिन इन दोनों मुख्य और मिनी आंगनवाड़ी केंद्र सामान व खिलौने के अभाव में बेरौनक हो गए हैं। बताया जाता है कि रूपयों के अभाव में प्री स्कूल किट नहीं खरीद पा रहे हैं।

जिले में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में पिछले छह सालों से प्री स्कूल किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। बताया जाता है की मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र और मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को तमाम टीके लगाए जाना, उनका परीक्षा वजन और आयरन की गोलियों का वितरण, अन्य प्रकार से देखरेख आसानी से हो जाती है।

### प्ले स्कूल के रूप में नजर आएंगे आंगनबाड़ी केंद्र

एमपी में अब तीन से छह वर्ष तक के बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। सरकार इन बच्चों की शिक्षा को और बेहतर बनाने की दशिा में कदम उठा रही है। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में प्ले स्कूल के रूप में नजर आएंगे आंगनबाड़ी केंद्र।

डॉ मोहन सरकार बच्चों की शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए सख्त कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्र जल्द ही प्ले स्कूलों की तरह नजर आएंगे। यहां तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को खेल-खेल में पढन्ना-लिखना सिखाया जाएगा।बच्चों को खेलने के लिए यहां खिलौने मिलेंगे।

आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिहाज से और खूबसूरत बनाया जाएगा। जिससे बच्चे भी आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति आकर्षित हो सकें। इसके लिए सरकार जल्द ही यह बजट देकर आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट बांटेगी।

इसमें खिलौने के साथ ही खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने वाले उपकरण शामिल रहेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए उन्हें चार्ट, टेबल व वाल पेंटिंग पर बनाई हिंदी और अंग्रेजी की वर्णमाला, गिनती आदि सिखाएंगे ताकी बच्चे खेल-खेल में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके।



### क्या है प्री-स्कूल किट?

*आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्री -स्कूल किट के माध्यम से खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है । प्री-स्कूल किट में खेल खिलोने के साथ साथ हिंदी और अंग्रेजी की वर्णमाला और शब्दों के चार्ट, फल और सब्जियों के नाम के चार्ट और विभिन्न आकार की खेल खिलोने से गणित की शिक्षा अभी आंगनवाडी केंद्रों में बच्चों को दी जाती है। 2010 तक आंगनबाड़ी केंद्रों में हर दो साल में वितरित की जाती थी। 2020 से हरेक दो से तीन सालों में यह सामग्री आने लगी*

### आंगनबाड़ी केंद्रों में टूटी अधिकांश सामग्री

आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली प्री-कूल किट 3000 रूपये की सामग्री होती है। जिले के सभी केंद्रों पर स्कूल किट वितरित की जाती थी। जिसमें तमाम सामग्रियां होती थीं। वर्तमान समय में आंगनबाड़ी केंद्रों में जो सामग्रियां लगभग सात साल पहले आई थी वह टूटफूट गई है। कुछ जगहों पर गिनती की सामग्री बची है। उसी के सहारे किसी तरह शिक्षा दी जा रही है। बताया जा रहा है कि मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों में 1500 रूपये की सामग्री वितरित की जाती थी। कुछ लोगों का मानना है कि लाड़ली बहना योजना में एक बड़ा प्रोजेक्ट शामिल किया गया है।

### इनका कहना है

यह बात सही है कि कुछ वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देने के उद्देश्य से प्री स्कूल किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय भोपाल के लिए डिमांड पत्र भेजा गया है। अब भोपाल से ही निर्णय लिया जाएगा।

**ब्रजेश जैन**-कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग रायसेन

# मनरेगा में बदलाव और जहरीले कांड पर कांग्रेसियों ने घेरा सरकारों को

## धरना देकर पांच घंटे का किया उपवास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में किए जा रहे बदलावों के जरिए काम के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की कोशिश जा रही है और मध्यप्रदेश के जोगीपुरा इंदौर में जहरीले पानी कांड की गुणवत्ता से जुड़े चिंताजनक आंकड़ों—विशेषकर इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतों—के विरोध में जिला कांग्रेस तत्वावधान में कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स रायसेन प्रांगण में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया। शनिवार को कांग्रेसियों द्वारा यह उपवास कार्यक्रम सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रखा गया।

इस उपवास में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदिल सिद्दीकी, हकीम उद्दीन मंसूरी, जावेद अहमद खान मलखान सिंह रावत,, राजेंद्र सिंह तोमर, संदीप विश्वकर्मा एडवोकेट,ऐतिशाम बेग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ जी.सी. गौतम, जिला महामंत्री राजू माहेश्वरी, रायसेन ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सांची ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शर्मा, सांची ब्लॉक अध्यक्ष अंकित मेहतो, गैरतगंज ब्लॉक अध्यक्ष संजीव राय, और नीरज पटेल शामिल हुए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, मनरेगा गरीब मजदूरों का सुरक्षा कवच है डॉ जी.सी. गौतम ने कहा, मनरेगा ग्रामीण भारत के सम्मान व आजीविका है।

## खबर संक्षेप

### 10 माह के लेखा-जोखा की समीक्षा बैठक आयोजित

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दीवानगंज में शनिवार को डॉक्टर पलक पटेरिया की अध्यक्षता में 10 माह के लेखा-जोखा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य केन्द्र के आय-व्यय, विभिन्न मदों में किए गए खर्च तथा शेष बजट की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने बीते 10 महीनों में किए गए कार्यों, दवाइयों की खरीदी, रख-रखाव एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर हुए खर्च का ब्यौरा रखा।

### पुलिस ने 29 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा

**सलामतपुर।** थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 29 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे, एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नरखेड़ा गांव में कोई व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह और आरक्षक पारितोष मौके पर पहुंचे तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ और कार्टून की जांच करने पर उसमें 29 क्वार्टर अवैध शराब कीमत 2900/- रुपये पाई गई। पुलिस ने मौके से शराब ज़ब्त कर आरोपी बारेलाल लोधी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने किया खुलासा, तीन चोरों से चोरी का माल जब्त

**रायसेन।** जिले की ओबेदुल्लागंज पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे में ही चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है। इस चोरी के मामले में चारों आरोपियों में से तीन गिरफ्तार कर लिए हैं । उनके पास से डेढ़ लाख रूपये कीमत का माल भी बरामद कर लिया है।

एसडीओपी शीला सुराना ने बताया कि सोलह जनवरी 2026 को फरियादी अजय कुमार पाल द्वारा थाना औबेदुल्लागंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि करीब 10.05 बजे उनके मोबाइल पर भोजपुर स्थित इंडस टावर की साइट डाउन होने की सूचना सिस्टम के माध्यम से प्राप्त हुई।जिस पर उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराते हुए अरविंद निमोदा एवं ऋषभ यादव के साथ भोजपुर स्थित इंडस टावर पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर देखा गया कि टावर के पास दो मोटरसाइकिल सीटी 100 (क्रमांक एमपी 40 जेड जी 2873),स्प्लेंडर (क्रमांक एमपी 04, जेडवाय 7558)खड़ी थीं । टावर पर 3-4 युवक चढ़े हुए दिखाई दिए, जो उन्हें आता देख टावर से कूदकर भाग गए और अपनी मोटरसाइकिलें मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

चोरी हुए माल की अनुमानित कीमत ₹1,50,000/- है।

# सार्थक दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा पद यात्रा अलीगंज पहुंची

## ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत, भंडारे में हजारों ने किया भोजन ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दादा गुरु आधुनिक अद्भुत संत हैं जो कई सालों से अन्न त्यागकर केवल नर्मदा मैया का जल पीकर सनातन धर्म और प्रकृति विशेषकर नर्मदा मैया की सेवा कर रहे हैं। उनका निराहार रहकर भी अत्यधिक सक्रियता विज्ञान के लिए शोध का विषय है।

सार्थक दादा गुरु ने नर्मदा परिक्रमा के दौरान रक्तदान जैसे कई रिकॉर्ड बनाए हैं, जो उनकी नर्मदा मैया के प्रति असाधारण साधना सेवा भावना और तपस्या को दर्शाते हैं। दादा गुरु नर्मदा तट अलीगंज रेवा नगर पहुंचते ही पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। हजारों महिलाओं पुरुषों ने दादा गुरु का स्वागत रंगोली बनाकर रास्ते में फूल बिछाकर भव्य स्वागत किया। मांगरोल आश्रम से साध्वी प्रज्ञा भारती दादा गुरु के साथ अलीगंज पहुंची।



# पूजा पब्लिक स्कूल में लगा यातायात जागरुकता शिविर

**बरेली।** सुरक्षित यातायात और वाहन चलाने के लिए पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टी आई कपिल गुप्ता की टीम दालमिल मोहल्ला में संचालित पूजा पब्लिक स्कूल पहुंची जहां छात्र-छात्राओं को वाहन चलाने के नियमों और बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

### सावधानी जरूरी

पूजा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से स्वयं की रक्षा होती है।



वाहन चलाते समय सावधानी बरतना और नियमों का पालन करना जरूरी है और असावधानी चूक के कारण ही वाहन दुर्घटनाएं होती हैं।

पूजा पब्लिक स्कूल की संचालक प्राचार्य श्रीमती नीता धाकड़ स्कूल स्टाफ और पुलिस स्टाफ की कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# सड़क पर मवेशियों के होने से वाहनों का संतुलन बिगड़कर हो रहे हादसे

## पिछले दिनों पांच मवेशियों की वाहन की चपेट में आने से हो गई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण क्षेत्र में दिनों दिन आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है सड़कों पर डेरा जमाए रहने वाली मवेशी के कारण वाहनों का संतुलन बिगडऩे के साथ स्वयं मवेशियां वाहनों की चपेट में आकर घायल और मौत हो रही है। पिछले दिनों भोडिया ग्राम के पास पांच मवेशिया वाहन की चपेट में आने से मौत और घायल हो गई।



बाड़ी से बरेली ,बरेली से खरगोन उदयपुर तक फोरलेन 45 सडक़ के साथ पिपरिया रोड बकतरा रोड सहित अन्य मार्गों पर छुट्टा आवारा मवेशियो की दिनों दिन बढ़ती संख्या अब हरी भरी किसानों की फसलों तक भी पहुंच रही है। किसानों ने फसलों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग भी करवाली परंतु भूखी मवेशियों के झुंड खेतों में हरियाली देखते ही अपने शरीर के कट जाने घायल हो जाने की परवाह किए बिना खेतों में घुसकर गेहूं चना की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं । आवारा मवेशी को सडक़ों से हटाने कलेक्टर रायसेन द्वारा पत्र लिखा गया जनपद ग्राम पंचायत नगरीय निकायों और टोल के कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी परंतु सभी और उदासीनता बनी हुई है।

# शासकीय महाविद्यालय में किया स्टार्ट.अप दिवस का आयोजन विद्यार्थियों को मिला उद्यमिता का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत स्टार्ट-अप दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार, नवाचार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्टार्ट-अप प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी राघवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा ने विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप की अवधारणा, व्यापार प्रारंभ करने में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं तथा उनके समाधान के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सही योजना, निरंतर प्रयास और बाजार की समझ से किसी भी स्टार्ट-अप को सफल बनाया जा सकता है। प्राध्यापक डॉ. मुक्तकिन अहमद ने स्टार्ट-अप में आने वाली चुनौतियों, डिमांड और सप्लाई की भूमिका तथा बाजार की आवश्यकता को समझने पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार आधारित सोच विकसित करने की सलाह दी।

### विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, छात्रा सिदरा ने अपने स्टार्ट.अप से किया प्रेरित




कार्यक्रम की विशेष आकर्षण महाविद्यालय की छात्रा एवं स्वयं का स्टार्ट-अप प्रारंभ कर चुकी सिदरा पिता अब्दुल लतीफ़ खान रहीं। उन्होंने अपने द्वारा शुरू किए गए मेहंदी प्रशिक्षण स्टार्ट-अप के अनुभव साझा किए। सिदरा ने स्टार्ट-अप शुरू करने में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए स्टार्ट-अप के लाभों को विस्तार से बताया, जिससे छात्राएं विशेष रूप से प्रेरित हुईं। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

## प्राचीन शिव मंदिर की बुर्ज गिर रही, ऐतिहासिक किला खंडहर में तब्दील

# पुरातत्व धरोहर पर संकट, जिम्मेदारों को नहीं आहट

- किले की इमारतों में उठी रंग-रोगन व संरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों में शुमार रायसेन का किला आज पुरातत्व विभाग के अफसरों की प्रशासनिक उदासीनता और संरक्षण के अभाव में खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। किले के भीतर स्थित रानी महल, बारादरी, तोपखाना, शूली इमारत सहित कई ऐतिहासिक भवनों की हालत जर्जर हो चुकी है। दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है, रंग-रोगन पूरी तरह उखड़ चुका है और कई हिस्सों में दरारें साफ दिखाई दे रही हैं।

स्थानीय नागरिकों और इतिहासकारों राजीव लोचन चौबे का कहना है कि वर्षों से किले की नियमित देखरेख नहीं हुई। बारिश और समय के असर से इमारतें कमजोर होती जा रही हैं, जिससे उनकी पहचान तक मिटने का खतरा पैदा हो गया है। किले के भीतर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक सोमेश्वर महादेव शिव मंदिर की बुर्ज भी गिरने लगी है, जो आने वाले समय में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

स्थानीय लोगों ने पुरातत्व विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि किले की सभी प्रमुख इमारतों का तत्काल रंग-रोगन, मरम्मत और संरचनात्मक संरक्षण कराया जाए। ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस गौरवशाली विरासत को देख सकें।



### यह है रायसेन के किले का इतिहास

राजा पूरनमल और रानी रत्नावली द्वारा 1200 ई. वीं रायसेन किले का निर्माण कराया था। किले की इमारतों और चार दिवारी बुर्जों का निर्माण कुशल कारीगरों मजदूरों द्वारा चूने बिल्व और गुड़ के संयुक्त मिश्रण से पत्थर ईंटों से जुड़ाई कर मजबूती दी थी। जो आज भी खडी हुई है। इस किले को एक राजा नहीं बल्कि कई शासकों 11वीं शताब्दी के आसपास शुरू करवाया जा। राजा राय भी हिंदू शासक राजा रहे। परमार कालीन रहे। बाद में मुगल शासकों ने भी किले पर राज्य किया था।

### विदेशी पर्यटक निराश लौट रहे

ऐतिहासिक किले में रोजाना घूमने आने वाले देश विदेश के पर्यटक भी बदहाल व्यवस्थाओं से निराश लौट रहे हैं। न तो सूचना पट्टिकाएं दुरुस्त हैं और न ही संरचनाओं की मरम्मत की कोई ठोस पहल नजर आती है। इतिहासकारों का मानना है कि यदि समय रहते संरक्षण कार्य शुरू नहीं किया गया तो यह अमूल्य पुरातात्विक धरोहर हमेशा के लिए नष्ट हो सकती है।

# घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

## परिजन बोले- मानसिक रूप सें अस्वस्थ था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सड़क किनारे घायल मिले अज्ञात युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान घनश्याम सेन आयु करीब 30 साल पिता स्वर्गीय महादेव सेन निवासी ग्राम टड़ा, थाना केसली, जिला सागर के रुप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पीएम के बाद शव परिजनो को सौप दिया। युवक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह के समय स्टेट हाइवे 15 सागर मार्ग पर सियरमऊ घाटी से सुल्तानपुर ग्राम जाने वाले रास्ते पर एक युवक के घायल अवस्था में सड़क किनारे पडे होने की सूचना पर तत्काल ही सिलवानी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को तुरंत ही वाहन से सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां कि उपचार के दौरान घायल ने दम तौड़ दिया।



थाना प्रभारी पूनम सविता ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम टड़ा, जिला सागर निवासी घनश्याम सेन के रुप में हुई। परिजनो को सूचना देदी गई। जिस पर वह सिलवानी अस्पताल पहुचें। टीआई ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणो का पता चल पाएगा। पुलिस पता कर रही है कि घायल युवक घटना स्थल तक कैसे पहुंचा।